Inclusive Employment Australia

Finding careers for people with disability

नौकरी की योजना और अपने प्रदाता के साथ काम करना

नौकरी खोजने का हर किसी का तरीका अलग होता है। यदि आप समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम (Inclusive Employment Australia program) में भाग ले रहे हैं, तो आपका प्रदाता आपको नौकरी खोजने और काम के लिए तैयार होने में मदद करेगा। यदि आपको निरंतर सहयोग की आवश्यकता है तो नौकरी मिलने के बाद वे कार्यस्थल में भी आपकी मदद करेंगे।

नौकरी की योजना बनाना

जब आप समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम में भाग लेना शुरू करते हैं, तो आपका प्रदाता आपको नौकरी की योजना बनाने में मदद करेगा।

आपकी नौकरी की योजना आपके प्रदाता के साथ आपकी सहमति है कि आप काम खोजने के लिए क्या-क्या करेंगे।

नौकरी की योजना के प्रकार

समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम के पास दो प्रकार की नौकरी की योजनाएँ हैं:

- सार्थक सहभागिता नौकरी की योजना, या
- नौकरी की विस्तृत योजना।

सार्थक सहभागिता नौकरी की योजना

सार्थक सहभागिता वह गतिविधि है जिसके लिए आप अपनी नौकरी की योजना के हिस्से के रूप में अपने प्रदाता के साथ सहमत होते हैं। वह गतिविधि है:

- यदि आपको अपनी आय सहायता भुगतान प्राप्त करने के लिए समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया में भाग लेना आवश्यक है, तो यह अनिवार्य है, या
- यदि आपने समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया के माध्यम से सहायता प्राप्त करने के लिए स्वेच्छा से भाग लेने का निर्णय लिया है, तो यह स्वैच्छिक (Voluntary) है।

यदि आप एक **सार्थक सहभागिता नौकरी की योजना** पर हैं, तो इसका मतलब है कि आप अपने प्रदाता के संपर्क में रहने और अपने रोज़गार पाने के लक्ष्य तक पहुँचने में मदद करने के लिए गतिविधियाँ करने के लिए सहमत हैं।

नौकरी की योजना के अलावा आप इस तरह की चीज़ों से भी सहमत होंगे जैसे:

- आप अपने प्रदाता के संपर्क में कैसे रहेंगे
- आप अपने प्रदाता के साथ होने वाली नियुक्तियों (अपॉइंटमेंट्स) में कब, कहाँ और कितनी बार शामिल होंगे
- कार्य और गतिविधियाँ जिन्हें करने के लिए आप सहमत हैं, जब तक कि वे आपके लिए सही हों
- आपकी प्रगति की जाँच कैसे और कब की जाएगी।

अपने प्रदाता से बात करें कि आप इन गतिविधियों का रिकॉर्ड कैसे रखना चाहते हैं।

यदि आप अपने प्रदाता के संपर्क में रहते हैं और उन गतिविधियों को करते हैं जिन्हें करने के लिए आप सहमत हुए हैं, तो आप एक सार्थक सहभागिता नौकरी की योजना पर बने रह सकते हैं।

नौकरी की विस्तृत योजना

नौकरी की विस्तृत योजना उन लोगों के लिए है जिन्हें समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया में अवश्य ही भाग लेना चाहिए, लेकिन अपने प्रदाता के संपर्क में नहीं रहे हैं और उनके पास वह नहीं करने का कोई कारण नहीं है जिसे करने के लिए वे सहमत हुए थे।

इस प्रकार की योजना में ऐसी गतिविधियाँ शामिल हैं जो आप अपने कार्यक्रम के हिस्से के रूप में करेंगे।

आप और आपका प्रदाता साथ मिलकर तय करेंगे कि आपकी सामर्थ्य, कार्य के लक्ष्यों और सहायता की आवश्यकताओं के आधार पर आपकी नौकरी की योजना में कौन सी गतिविधियाँ और सहायता शामिल होनी चाहिए।

आपकी नौकरी की योजना में शामिल कार्यों और गतिविधियों के कुछ उदाहरण हो सकते हैं जैसे:

- आपकी नौकरी की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण, कौशल विकास और सहायता सेवाएँ
- अन्य सहायताएँ जैसे परामर्श, फ़िज़ियोथेरेपी, या दर्द प्रबंधन
- कार्य का अनुभव प्राप्त करने के लिए और स्वैच्छिक (voluntary) कार्य करने के अवसर
- नियोक्ताओं से संपर्क करना और नौकरी के लिए साक्षात्कार में भाग लेना
- वेतन प्राप्त रोज़गार (नौकरी) या स्वरोज़गार (self-employment)।

यदि आवश्यक होगा तो आपका प्रदाता आपके साथ आपकी नौकरी की योजना को अपडेट करेगा।

अपनी नौकरी की योजना से सहमत होने का क्या मतलब है

जब आप एक नौकरी की योजना के लिए सहमत होते हैं, तो आप अपने प्रदाता के संपर्क में रहने और नौकरी की योजना में गतिविधियों को समय पर करने के लिए सहमत होते हैं।

आपके और आपके सेवा प्रदाता द्वारा आपकी नौकरी की योजना तैयार करने के बाद पहला क़दम उसे ध्यानपूर्वक पढ़कर उसकी समीक्षा करना है। आप अपने Workforce Australia अकाउंट में लॉग इन करके अपनी नौकरी की को पढ़ सकते हैं या उसे डाउनलोड कर सकते हैं।

आपको उसी दिन नौकरी की योजना से सहमत होने की ज़रूरत नहीं है। आपके पास अपनी नौकरी की योजना पढ़ने और यह जाँचने के लिए 2 कार्य-दिवस हैं कि क्या आप हर बात से सहमत हैं। आप किसी ऐसे व्यक्ति से बात कर सकते हैं जिस पर आप अपनी नौकरी की योजना के बारे में भरोसा करते हैं, जैसे विकलांगता अधिवक्ता, देखभाल करने वाला या परिवार का सदस्य।

यदि आपको अपनी नौकरी की योजना के बारे में सोचने के लिए अधिक समय चाहिए, तो आप अपने प्रदाता से इसके बारे में बात कर सकते हैं।

आप Disability Advocacy Finder (www.askizzy.org.au/disability-advocacy-finder) पर जाकर अपने क्षेत्र में विकलांगता वाले व्यक्ति के हित का समर्थन करने वाली सेवा का पता लगा सकते हैं।

अपनी नौकरी की योजना को फिर से पढ़ने और उस पर सोच-विचार करने के बाद, आप इनमें से किसी एक तरीके से सहमत हो सकते हैं:

- अपने प्रदाता को व्यक्तिगत रूप से या फ़ोन द्वारा यह बताकर कि आप सहमत हैं, या
- वर्कफ़ोर्स ऑस्ट्रेलिया की वेबसाइट पर लॉग इन करके या ऐप का प्रयोग करके।

क्या होगा यदि मैं अपनी नौकरी की योजना से सहमत नहीं हूँ?

पहला क़दम अपने प्रदाता से बात करना है यदि आपको कोई प्रश्न पूछने हैं या आप अपनी नौकरी की योजना बदलना चाहते हैं, या अपनी नौकरी की योजना में शामिल गतिविधियों या कार्रवाइयों को बदलना चाहते हैं

यदि आप अपने प्रदाता से अपनी नौकरी की योजना में इच्छित परिवर्तनों के बारे में सहमत नहीं हो सकते हैं, तो **1800 805 260** पर राष्ट्रीय ग्राहक सेवा लाइन पर कॉल करें। यह एक निःशुल्क सेवा है जो आपकी नौकरी की योजना या आपके प्रदाता के बारे में आपके किसी भी प्रश्न का समाधान करने में मदद कर सकती है।

क्या होगा यदि मैं कुछ ऐसा नहीं कर सकता/सकती जिसे करने के लिए मैं सहमत हुआ/हुई थी?

यदि आप वह नहीं कर सकते हैं जिस पर सहमति हुई थी, तो जितनी जल्दी हो सके अपने प्रदाता को बताएँ। वे पूछ सकते हैं कि आप ऐसा क्यों नहीं कर सकते ताकि वे आपकी स्थिति को समझ सकें और ज़रूरत पड़ने पर आपकी नौकरी की योजना को बदल सकें।

अधिक जानकारी

आप समावेशी रोजगार ऑस्ट्रेलिया की वेबसाइट (www.dss.gov.au/inclusive-employment-australia) पर अधिक जानकारी और संसाधन देख सकते हैं या आप नेशनल कस्टमर सर्विस लाइन (राष्ट्रीय ग्राहक सेवा लाइन) को **1800 805 260** पर कॉल कर सकते हैं।

- बोलें और सुनें (Speak and Listen) के उपयोगकर्ता पहले 1300 555 727 पर कॉल करें और फिर 1300 653 227 पर संपर्क करने के लिए कहें।
- यदि आप बहरे (d/Deaf) हैं, सुनने में कठिनाई है या बोलकर बातचीत करने में कठिनाइयाँ हैं, तो नेशनल कस्टमर सर्विस लाइन से संपर्क करने के लिए राष्ट्रीय रिले सर्विस का उपयोग करें। अधिक जानकारी के लिए, www.accesshub.gov.au पर जाएँ।
- यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो **131 450*** पर टिस नेशनल को कॉल करें और **1800 805 260** पर बात करवाने के लिए कहें।

*मोबाइल फ़ोन से '13' और '1800' नंबरों पर कॉल करने के लिए कॉल शुल्क लागू हो सकता है।

लैंडलाइन और मोबाइल सेवा प्रदाताओं की कॉल दरें अलग-अलग हो सकती हैं। कृपया अपने वर्तमान सेवा प्रदाता से इसकी जानकारी प्राप्त करें।